आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 14.03.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज असम दौरे के दौरान 23 हजार 550 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे।
2. मत्स्य संग्रहालय–सह–एक्वेरियम आवश्यक मरम्मत और नवीनीकरण कार्यों के कारण 16 से 27 मार्च तक अस्थायी रूप से बंद रहेगा।
3. एक भारत श्रेष्ठ भारत पहल के तहत शिक्षा मंत्रालय ने देशभर के युवाओं को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है।
4. डीजीपी कप T–20 क्रिकेट टूर्नामेंट (सीजन–3) का फाइनल मैच अंडमान निकोबार पुलिस टीम ने जीता।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज असम के सिलचर का दौरा करेंगे। जहां वे 23 हजार 550 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। इससे पहले, असम दौरे के पहले दिन कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुवाहाटी में देशभर के 9 करोड़ 32 लाख से अधिक किसानों को पीएम–किसान योजना की 22वीं किस्त जारी की। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में केन्द्र सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इस बात पर जोर दिया कि समावेशी समाज के निर्माण के लिए दिव्यांगजनों का सशक्तिकरण अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह केवल सरकार के प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति और संस्था की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। राष्ट्रपति ने यह बात कल राष्ट्रपति भवन में आयोजित पर्पल फेस्ट को संबोधित करते हुए कही। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने दिव्यांगजनों को लाभ पहुंचाने वाली विभिन्न सरकारी योजनाओं, जैसे प्रधानमंत्री दिव्यांग केंद्र और सुगम्य भारत अभियान, का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि ये योजनाएं दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनने के अवसर प्रदान कर रही है।

<><><><><><><>

मत्स्य संग्रहालय–सह–एक्वेरियम आवश्यक मरम्मत और नवीनीकरण कार्यों के कारण 16 से 27 मार्च तक अस्थायी रूप से बंद रहेगा। मत्स्य निदेशालय ने कहा कि यह मरम्मत कार्य पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, आगंतुकों के अनुभव को बेहतर बनाने और द्वीपों में पर्यटन के सतत विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। कार्य के पूर्ण होते ही मत्स्य संग्रहालय–सह–एक्वेरियम में सामान्य परिचालन फिर से शुरू कर दिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए मत्स्य निदेशालय से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><>

डीब्रेट के टेक्नो स्पोर्ट्स फेस्ट, 'अदम्या' के 17वें संस्करण का आयोजन कल डॉलीगंज स्थित मिनी स्टेडियम में आयोजित किया गया। इस फेस्ट का उद्घाटन पूर्व अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय कयाकिंग एवं कैनोइंग चैंपियन, कर्मा टोप्पो ने किया। इस अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन किए गए। इस दौरान संस्थान से मिनी स्टेडियम तक रैली निकाली गई। समापन समारोह के अवसर पर पूर्व राष्ट्रीय कयाकिंग और कैनोइंग चैंपियन संध्या किस्पोट्टा ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान के जिला अस्पताल गाराचरमा में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए सेवाएं उपलब्ध कराई गई है। इसमें लेबर वार्ड, सामान्य बाह्य रोगी विभाग, डेंटल, 24×7 आपातकालीन सेवाएँ, विशेषज्ञ सेवाएँ, गर्भावस्था देखभाल, डायग्नोस्टिक लैब, एक्स–रे के साथ रेडियोलॉजी और टीबी यूनिट शामिल है। अब इस अस्पताल में 10 बिस्तरों वाली डायलिसिस यूनिट स्थापित करने का प्रस्ताव रखा गया है। अस्पताल के दूसरे चरण के भवन का काम पूरा होने के बाद व्यापक द्वितीयक स्वास्थ्य सेवाएँ भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

<><><><><><>

अंडमान कॉलेज की ओर से कल वार्षिक दिवस और युवा महोत्सव 'युवान' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. आर. देवदास ने किया। साहित्यिक और कलात्मक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए पूरे महीने विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने महीने भर चली साहित्यिक और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के विजेताओं को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया।

<><><><><><>

युवा संगम के छठे चरण के लिए पंजीकरण शुरू हो चुके हैं। शिक्षा मंत्रालय ने एक भारत, श्रेष्ठ भारत पहल के तहत देशभर के युवाओं को इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। पंजीकरण की अंतिम तिथि 18 मार्च है। इच्छुक युवा ebsb.aicte-india.org वेबसाइट के जरिए पंजीकरण कर सकते हैं। यह कार्यक्रम युवाओं को विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की यात्रा के माध्यम से भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं और नवाचार तंत्र को नजदीक से जानने और अनुभव करने का अवसर प्रदान करता है।

<><><><><><><>

डीजीपी कप T–20 राज्य स्तरीय लीग–कम–नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट (सीजन–3) का फाइनल मैच कल नेताजी स्टेडियम में खेला गया। अंडमान निकोबार पुलिस द्वारा आयोजित यह टूर्नामेंट पिछले वर्ष 15 मार्च को शुरू हुआ था, जिसमें कुल 51 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच में अंडमान निकोबार पुलिस टीम ने अंडमान वन विभाग को हराकर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा किया। मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार और पुलिस महानिदेशक हरगोबिंदर सिंह धालीवाल ने विजेताओं को सम्मानित किया। पुलिस टीम के कप्तान जयप्रकाश नारायण को मैन ऑफ द मैच और अंडमान निकोबार कमान के विकास शर्मा को प्लेयर ऑफ द सीरीज घोषित किया गया। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक ने सभी टीमों के प्रयासों की सराहना की और आधिकारिक तौर पर डीजीपी कप सीजन–4 को लॉन्च किया। यह पूरा टूर्नामेंट पुलिस अधीक्षक, सशस्त्र पुलिस इकाई नियति मित्तल कश्यप की देखरेख में आयोजित किया गया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस ने नशीली दवाओं का निपटान नियम, 2022 के अनुपालन में जब्त की गई 6000 किलोग्राम से अधिक मेथामफेटामाइन को नष्ट किया। यह कार्य मिनी बे स्थित INHS धन्वंतरि की इंसीनरेशन सुविधा में पूरा किया गया। यह पूरी प्रक्रिया पुलिस उप–महानिरीक्षक डॉ. ए. कोण की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय ड्रग निपटान समिति की देखरेख में हुई। इस दौरान पुलिस महानिदेशक हरगोबिंदर सिंह धालीवाल और पुलिस महानिदेशक, कानून–व्यवस्था सिंधु पिल्लई भी उपस्थिति थे।

<><><><><><><>

पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग की ओर से मुर्गी पालन को मजबूत करने और ग्रामीण परिवारों को सशक्त बनाने के लिए मायाबंदर क्षेत्र के प्रगतिशील किसानों और स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों के बीच 510 उच्च गुणवत्ता वाले वनराजा चूजे वितरित किए गए। इस दौरान किसानों को वैज्ञानिक

पालन–पोषण, आहार, स्वास्थ्य प्रबंधन और जैव–सुरक्षा प्रथाओं पर जानकारी दी गई। यह पहल छोटे और सीमांत किसानों के साथ–साथ महिला एसएचजी सदस्यों के आर्थिक विकास में सहायक होगी।

<><><><><><><>

विज्ञान केन्द्र में आज और कल शाम 5.30 बजे से स्काई शो कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस प्रदर्शन में बृहस्पति ग्रह और शनि ग्रह के बारे में जानकारी दी जाएगी। आम जनता बृहस्पति ग्रह और उसके उपग्रहों को देखने का अनुभव प्राप्त कर सकते हैं। स्काई शो के लिए प्रवेश शुल्क प्रति व्यक्ति 10 रुपये है। इसके अलावा, शाम छ बजकर पैंतालीस मिनट पर एक बबल शो और शाम छः बजकर पन्द्रह मिनट से जुरासिक पार्क ध्वनि–प्रकाश शो होगा और 3डी शो शाम साढ़े पांच बजे से छः बजकर पैंतालीस मिनट तक चलेगा। बबल शो और 3D शो के लिए प्रवेश शुल्क प्रत्येक कार्यक्रम के लिए प्रति व्यक्ति 10 और 20 रुपये निर्धारित किया गया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार राज्य आयुष सोसाइटी के तहत अनुबंध के आधार पर डेटा एंट्री ऑपरेटर और अकाउंटेंट के पदों पर नियुक्ति की जाएगी। इस सिलसिले में साक्षात्कार के लिए चयनित उम्मीदवारों की सूची आयुष उप निदेशक कार्यालय के सूचना पट्ट पर दर्शा दी गई है। साक्षात्कार सचिवालय के लघु सम्मेलन कक्ष में 16 मार्च को सुबह 9 बजे से लिया जाएगा। उम्मीदवारों को अपने प्रमाणपत्रों और मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने को कहा गया है।

<><><><><><><>